कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

प्रेस विज्ञप्ति / सूचना

एतद्द्वारा कुमाऊँ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध परिसर / महाविद्यालय / संस्थान के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के पत्रांक संख्या केयू / प0नि0 / गोपनीय / 2024 / 2063 दिनांक 05–12–2024 के क्रम में विषम सेमेस्टर के मुख्य, बैक व व्यवसायिक पाठ्यक्रम के ऐसे विद्यार्थी जिनके द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र व शुल्क जमा नहीं किया गया था, को परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अनुमति प्रदान की गई थी।

तद्क्रम में विषम सेमेस्टर के मुख्य, बैक व व्यवसायिक पाठ्यक्रम के ऐसे समस्त विद्यार्थियों जो परीक्षा में सम्मिलित हुए है तथा उनके द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भरा गया है, के लिए परीक्षा आवेदन पत्र व शुल्क जमा किये जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा पोर्टल दिनांक 02–01–2025 से 05–01–2025 तक पुनः खोला जा रहा है।

अतः विषम सेमेस्टर के मुख्य, बैक व व्यवसायिक पाठ्यक्रम के ऐसे समस्त विद्यार्थी (जो सम्बन्धित परीक्षाओं में सम्मिलित हुए तथा उनके द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा नहीं किया गया है) दिनांक 05–01–2025 तक आवश्यक रूप से परीक्षा आवेदन पत्र भरना सुनिश्चित करें। उक्त के अभाव में विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षाफल घोषित न किये जाने पर सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित का होगा, **साथ ही यह भी सूचित करना है कि सम्बद्ध परिसर / महाविद्यालय / संस्थान स्तर से परीक्षा में सम्मिलित किये गये विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र को समर्थ पोर्टल पर सत्यापित किया जाना आवश्यक होगा।**

कुलसचिव
कु0वि0वि0 नैनीताल

पत्रांकः केयू / प0नि0 / गोपनीय / 2024 / 2222, दिनांकः 02–01–2025

प्रतिलिपि–
क– निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में समाचार के रूप में दिनांक 03–01–2025 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें–

- अमर उजाला, नैनीताल।
- हिन्दुस्तान, नैनीताल।
- दैनिक आज, नैनीताल।
- शाह टाइम्स, नैनीताल।
- न्यूज प्रिंट, नैनीताल।
- दैनिक जागरण, नैनीताल।
- उत्तर उजाला, नैनीताल।
- उत्तरांचल दीप।
- राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।

ख– समस्त निदेशक, प्राचार्य सम्बद्ध परिसर / महाविद्यालय / संस्थान को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने परिसर / महाविद्यालय / संस्थान के विद्यार्थियों के मध्य प्रचारित–प्रसारित करने का कष्ट करेंगे।
ग– प्रभारी, ई0आर0पी0, कु0वि0वि0 नैनीताल को वैबसाईट में अपलोड किये जाने हेतु।
घ– निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

कुलसचिव
कु0वि0वि0 नैनीताल